स्वदेश

खंडवा - मुख्य संस्करण

20 Mar 2026 | Page - 10

# सप्लायर मीट के साथ विद्यार्थियों ने समझा कागज उद्योग का पूरा विज्ञान



## सीएमडी की अध्यक्षता में सप्लायरों की बैठक भी हुई

स्वदेश समाचार ■ नेपानगर

नेपा लिमिटेड में उत्पादन प्रक्रिया के सफल परीक्षण के बाद अब मिल को निरंतर और व्यवस्थित रूप से चलाने की दिशा में गतिविधियां तेज हो गई हैं। एक ओर कच्चे माल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक भवन में वेंडर मीट आयोजित की गई, वहीं दूसरी ओर विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण के जरिए कागज निर्माण की तकनीक, उत्पादन प्रणाली और उद्योग की उपयोगिता से परिचित कराया गया।

मंगलवार को आयोजित वेंडर मीट में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नरेश सिंह की अध्यक्षता में देशभर से आए ओल्ड न्यूजपेपर, व्हाइट वेस्टपेपर, केमिकल और अन्य कच्चे माल के सप्लायरों के साथ विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में कम लागत पर बेहतर गुणवत्ता का कच्चा माल उपलब्ध कराने, आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करने और उत्पादन में निरंतरता बनाए रखने पर जोर दिया गया।

बैठक में निदेशक वित्त पी.के. नाइक, उप महाप्रबंधक वाणिज्य एवं कार्य सुरेन्द्र मेहता तथा क्रय विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। सप्लायर प्रतिनिधियों ने भी मिल के साथ दीर्घकालीन सहयोग का भरोसा दिया। बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इच्छापुर के छात्र-छात्राओं ने मिल का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने एशिया की सबसे पुरानी सरकारी कागज मिल की उत्पादन इकाइयों, मशीनरी और तकनीकी प्रक्रियाओं को करीब से देखा।

मुख्य महाप्रबंधक कार्य एवं परियोजना राम अलागेसन ने विद्यार्थियों को पल्प एवं पेपर टेक्नोलॉजी से जुड़े सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और डिग्री कोर्स की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डिजिटल दौर के बावजूद देश और विदेश में कागज की मांग लगातार बनी हुई है, जिससे इस क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं मजबूत हैं।

भ्रमण के दौरान प्रबंधक पेपर मशीन के.के. देशमुख, कंसल्टेंट अशोक पाटिल, औद्योगिक सुरक्षा विभाग के अनीस मंसूरी सहित विद्यालय की प्राचार्य अनीता भंवर और शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# Nepa Limited hosts vendor meet

**FP News Service**

NEPANAGAR

Nepa Limited, Asia's first newsprint mill, organised a vendor meet at its Administrative Building to strengthen raw material supply chains ahead of full-scale operations.

Five suppliers from Madhya Pradesh, Maharashtra and Gujarat participated in the meeting. They represented dealers in old newsprint, white waste paper and industrial chemicals. Participants held detailed discussions to ensure the supply of high-quality raw materials at minimum cost while maintaining uninterrupted production.

Chairman and Managing Director Naresh Singh presided over the meeting. Director (Finance) PK Naik, Deputy General Manager Surendra Mehta and officials from the purchase department also attended. Suppliers expressed confidence in building long-term collaborative ties with the mill.

# ट्रायल सफल,सतत उत्पादन की दिशा में बढ़े कदम नेपा लिमिटेड में वेंडर मीट,विद्यार्थियों ने भी जाना कागज उद्योग का विज्ञान



दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले बुरहानपुर/नेपानगर। उत्पादन प्रक्रिया के सफल परीक्षण के बाद नेपा लिमिटेड में मिल को सतत रूप से संचालित करने की दिशा में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में कच्चे माल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासनिक भवन में वेंडर मीट आयोजित की गई,वहीं दूसरी ओर विद्यार्थियों के शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से मिल की उत्पादन प्रक्रिया,तकनीकी व्यवस्था और औद्योगिक महत्व से भी परिचित कराया गया। मंगलवार को आयोजित वेंडर मीट में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नरेश सिंह की उपस्थिति में देशभर से आए ओल्ड न्यूज़पेपर,सफेद वेस्टपेपर तथा कागज निर्माण में उपयोग होने वाले विभिन्न कच्चे माल और केमिकल सप्लायरों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में आपसी समन्वय को मजबूत बनाने, मिल के लिए न्यूनतम लागत पर उच्च गुणवत्ता का कच्चा माल उपलब्ध कराने तथा उत्पादन प्रक्रिया को निरंतर बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। उत्पादन परीक्षण सफल होने के बाद मिल को नियमित रूप से संचालित रखने के लिए आवश्यक आपूर्ति व्यवस्था को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जा रहा है। बैठक के दौरान निदेशक वित्त पी के नाइक,उप महाप्रबंधक वाणिज्य एवं कार्य सुरेन्द्र मेहता तथा क्रय विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। देश के विभिन्न हिस्सों से आए कच्चे माल एवं केमिकल सप्लायरों के प्रतिनिधियों ने मिल के साथ दीर्घकालीन सहयोग बनाए रखने का विश्वास व्यक्त किया।

पत्रिका
खंडवा, गुरुवार, 19 मार्च , 2026

**वेंडर मीट: नेपा मिल के सफल ट्रायल के बाद तीसरे दिन पहुंचे सप्लायर**

# देशभर से आए कच्चे माल एवं केमिकल सप्लायरों से सीएमडी बोले- मिल नियमित चालू रखने में आपूर्ति जरूरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नेपानगर.** नेपा मिल के सफल ट्रायल के बाद तीसरे दिन भी अच्छी खबर रही। देशभर से पहुंचे सप्लायरों के साथ वेंडर मीट का आयोजन हुआ, जहां सीएमडी ने आपसी समन्वय को मजबूत बनाने, मिल के लिए न्यूनतम लागत पर उच्च गुणवत्ता का कच्चा माल उपलब्ध कराने व उत्पादन प्रक्रिया को निरंतर बनाए रखने पर जोर दिया गया। उत्पादन परीक्षण सफल होने के बाद मिल को नियमित रूप से संचालित रखने के लिए आवश्यक आपूर्ति व्यवस्था को प्राथमिकता देना है।

बुधवार को नेपा लिमिटेड में मिल को सतत रूप से संचालित करने की दिशा में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में कच्चे माल की नियमित आपूर्ति करने के उद्देश्य से प्रशासनिक भवन में वेंडर मीट आयोजित की गई। वेंडर मीट में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नरेश सिंह की उपस्थिति में ओल्ड न्यूज पेपर, सफेद वेस्ट पेपर व कागज निर्माण में उपयोग होने वाले विभिन्न कच्चे माल और केमिकल सप्लायरों के साथ मिल के लिए न्यूनतम लागत पर उच्च गुणवत्ता का कच्चा माल उपलब्ध कराने व उत्पादन प्रक्रिया को निरंतर बनाए रखने की बात कही। बैठक के दौरान निदेशक वित्त पी के नाइक, उप महाप्रबंधक वाणिज्य एवं कार्य सुरेंद्र मेहता व क्रय विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। देश के विभिन्न हिस्सों से आए कच्चे माल एवं केमिकल सप्लायरों के प्रतिनिधियों ने मिल के साथ दीर्घकालीन सहयोग बनाए रखने का विश्वास व्यक्त किया। सीएमडी के साथ बैठक कर सप्लायरों ने भी मिल के साथ दीर्घकालीन सहयोग बनाए जाने की बात कही।

## नेपा मिल को कार्यशील पूंजी दिलाने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री से मिले सांसद पाटिल



**बुरहानपुर.** बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी से सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने मुलाकात कर नेपा मिल के लिए कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने की मांग की। मुलाकात के नेपा मिल के पुनः संचालन में केंद्र सरकार के सहयोग के लिए विशेष रूप से आभार भी व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री आपके सकारात्मक पहल से ही मिल में उत्पादन दोबारा शुरू हो सका है, जिसके लिए नेपा मिल के कर्मचारी तथा क्षेत्रवासियों की ओर से आभार व्यक्त करता हूं।
सांसद ने कहा कि अब मिल को निरंतर और पूर्ण क्षमता से संचालित करने के लिए पर्याप्त कार्यशील पूंजी आवश्यक है। उन्होंने मंत्री को अवगत कराया कि नेपा मिल के पूर्ण संचालन से न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि आसपास के आदिवासी अंचलों की आर्थिक स्थिति में भी व्यापक सुधार आएगा। यह मिल क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ रही है और इसके सशक्त संचालन से विकास को नई गति मिलेगी।
केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी ने आश्वासन दिया कि नेपा मिल के लिए कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने के विषय में केंद्र सरकार सकारात्मक निर्णय लेगी। मुलाकात के बाद सांसद ने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र सरकार के सहयोग से नेपा मिल जल्द ही पूरी क्षमता से संचालित होगी, जिससे क्षेत्र में रोजगार, औद्योगिक विकास और आर्थिक सशक्तिकरण का नया दौर शुरू होगा।

## इधर ... इच्छापुर के स्कूली बच्चों ने किया मिल का भ्रमण



बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल केंद्र इच्छापुर के छात्र-छात्राओं ने एशिया की सबसे पुरानी शासकीय कागज मिल नेपा लिमिटेड का शैक्षणिक भ्रमण किया। औद्योगिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने उत्पादन प्रक्रिया, तकनीकी प्रणाली और मिल के ऐतिहासिक महत्व को नजदीक से समझते हुए कागज उद्योग से जुड़े रोजगार के अवसरों की जानकारी प्राप्त की।

मुख्य महाप्रबंधक कार्य एवं परियोजना राम अलागेसन ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए पल्प एवं पेपर टेक्नोलॉजी से संबंधित सर्टिफिकेट, डिप्लोमा एवं डिग्री पाठ्यक्रमों के साथ नेपा लिमिटेड में संचालित अप्रेंटिसशिप एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पेपरलेस कार्य संस्कृति की चर्चा के बावजूद देश और विदेश में कागज की मांग लगातार बढ़ रही है और इस क्षेत्र में रोजगार की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं।

औद्योगिक संरक्षा विभाग के वरिष्ठ परामर्शदाता किशन पटेल ने सुरक्षित उत्पादन के सिद्धांतों की जानकारी देते हुए कहा कि नेपा लिमिटेड में शून्य दुर्घटना लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्य किया जाता है व सभी कर्मचारियों के लिए सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य है।

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि नेपा लिमिटेड भारतीय उपमहाद्वीप में कागज की काशी के नाम से विख्यात ऐतिहासिक औद्योगिक इकाई है, जो वर्षों से विद्यार्थियों, शोधार्थियों व अभियांत्रिकी और तकनीकी शिक्षा से जुड़े लोगों के लिए अध्ययन और प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण केंद्र रही है। भ्रमण के दौरान सुरक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष संजय पवार ने अग्निशमन एवं सुरक्षा उपकरणों की जानकारी देते हुए आपात स्थिति में बचाव के उपाय बताए। विद्यार्थियों ने उत्पादन इकाइयों का अवलोकन कर कागज निर्माण की विभिन्न प्रक्रियाओं को समझा। इस अवसर पर प्रबंधक पेपर मशीन केके देशमुख, मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय के संजय महाजन, कंसल्टेंट पेपर मशीन अशोक पाटिल, औद्योगिक संरक्षा विभाग के अनीस मंसूरी व विद्यालय की ओर से प्राचार्य अनीता भंवर, शिक्षक शैलेश लिमये, पांडूरंग पाटिल, कैलाश दलाल, निकिता महाजन, स्वाति महाजन, पूजा तोरे सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** • प्रशासनिक भवन में वेंडर मीट का आयोजन हुआ, विद्यार्थियों ने भी किया शैक्षणिक भ्रमण

# नेपा लिमिटेड में वेंडर मीट हुई, मप्र-महाराष्ट्र और गुजरात के पांच सप्लायरों से चर्चा की गई

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

एशिया की पहली अखबारी कागज मिल नेपा लिमिटेड में उत्पादन प्रक्रिया के सफल परीक्षण के बाद मिल को सतत रूप से संचालित करने की दिशा में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसके तहत कच्चे माल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को प्रशासनिक भवन में वेंडर मीट आयोजित की गई। इसमें मप्र के बुरहानपुर, इंदौर से दो सप्लायर पहुंचे थे। जबकि जलगांव, पुणे और सूरत से भी तीन सप्लायर आए थे। इन सभी से चर्चा की गई। वहीं दूसरी ओर विद्यार्थियों के शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से मिल में उत्पादन प्रक्रिया, तकनीकी व्यवस्था और औद्योगिक महत्व से भी जानकारी दी गई।

वेंडर मीट में अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक नरेश सिंह की उपस्थिति में देशभर से आए ओल्ड न्यूज पेपर, सफेद वेस्ट पेपर, कागज निर्माण में उपयोग होने वाले विभिन्न कच्चे माल और केमिकल सप्लायरों के साथ चर्चा की गई। बैठक में आपसी समन्वय को मजबूत बनाने, मिल के लिए न्यूनतम लागत पर उच्च गुणवत्ता का कच्चा माल उपलब्ध कराने, उत्पादन प्रक्रिया को निरंतर बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। उत्पादन परीक्षण सफल होने के बाद मिल को नियमित रूप से संचालित रखने के लिए आवश्यक आपूर्ति व्यवस्था को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जा रहा है।

बैठक के दौरान निदेशक वित्त पीके नाइक, उप महाप्रबंधक वाणिज्य व कार्य सुरेंद्र मेहता व क्रय विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। देश के विभिन्न हिस्सों से आए कच्चे माल, केमिकल सप्लायरों के प्रतिनिधियों ने मिल के साथ लंबे समय तक सहयोग बनाए रखने का विश्वास जताया है। इस दौरान प्रबंधक पेपर मशीन केके देशमुख, मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय संजय महाजन, कंसल्टेंट पेपर मशीन अशोक पाटिल, औद्योगिक संस्था विभाग के अनीस मंसूरी, विद्यालय से प्राचार्य अनीता भंवर, शिक्षक शैलेष लिमये, पांडुरंग पाटील, कैलाश दलाल, निकिता महाजन, स्वाति महाजन, रंजना ताई, पूजा तोरे सहित अन्य शिक्षक भी मौजूद थे।



## देश-विदेश में कागज की बढ़ रही मांग

मुख्य महाप्रबंधक कार्य व परियोजना राम अल्तगेसन ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने पल्प, पेपर टेक्नोलॉजी से संबंधित सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, डिग्री पाठ्यक्रमों के साथ नेपा लिमिटेड में संचालित अप्रेंटिसशिप व प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया पेपरलेस कार्य संस्कृति की चर्चा के बावजूद देश और विदेश में कागज की मांग लगातार बढ़ रही है और इस क्षेत्र में रोजगार की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं।

## इच्छापुर के विद्यार्थियों ने किया मिल का भ्रमण

बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल केंद्र इच्छापुर के छात्र-छात्राओं ने एशिया की सबसे पुरानी शासकीय कागज मिल नेपा लिमिटेड का शैक्षणिक भ्रमण किया। औद्योगिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने उत्पादन प्रक्रिया, तकनीकी प्रणाली और मिल के ऐतिहासिक महत्व को नजदीक से समझते हुए कागज उद्योग से जुड़े रोजगार के अवसरों की जानकारी प्राप्त की।

## सांसद बोले- उत्पादन शुरू होने से बना सकारात्मक माहौल

### केंद्रीय मंत्री से मिले सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, नेपा मिल को कार्यशील पूंजी दिलाने तेज हुए प्रयास

नेपानगर| खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी से मुलाकात की। उन्होंने नेपानगर स्थित नेपा लिमिटेड के लिए कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने की मांग एक बार प्रमुखता से रखी है। मुलाकात के दौरान सांसद पाटील ने नेपा मिल के पुनः संचालन में केंद्र सरकार के सहयोग की सराहना की।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री की सकारात्मक पहल से ही मिल में उत्पादन दोबारा शुरू हो सका है। इसके लिए नेपा मिल के कर्मचारी, क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना है। सांसद ने आग्रह किया कि अब मिल को निरंतर और पूर्ण क्षमता से संचालित करने के लिए पर्याप्त कार्यशील पूंजी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया उत्पादन शुरू होने से क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना है। लेकिन इसकी स्थिरता और विस्तार के लिए वित्तीय सहयोग जरूरी है। उन्होंने मंत्री को अवगत कराया कि नेपा मिल के पूर्ण संचालन से न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। बल्कि आसपास के आदिवासी अंचलों की आर्थिक स्थिति में भी व्यापक सुधार आएगा। यह मिल क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ रही है और इसके सशक्त संचालन से विकास को नई गति मिलेगी। केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी ने सांसद की मांग को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि नेपा मिल के लिए कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने के विषय में केंद्र सरकार द्वारा सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। मुलाकात के बाद सांसद पाटील ने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र सरकार के सहयोग से नेपा मिल जल्द ही पूरी क्षमता से संचालित होगी। जिससे क्षेत्र में रोजगार, औद्योगिक विकास और आर्थिक सशक्तिकरण का नया दौर शुरू होगा।

# सफेद वेस्ट पेपर सहित कच्चे माल को लेकर केमिकल सप्लायरों की बैठक



नेपानगर। नेपा मिल के उत्पादन प्रक्रिया के सफल परीक्षण के बाद नेपा लिमिटेड में मिल को सतत रूप से संचालित करने की दिशा में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में कच्चे माल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासनिक भवन में वेंडर मीट आयोजित की गई। वहीं दूसरी ओर विद्यार्थियों के शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से मिल की उत्पादन प्रक्रिया, तकनीकी व्यवस्था और औद्योगिक महत्व से भी परिचित कराया गया।

नेपा मिल में आयोजित वेंडर मीट में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नरेश सिंह की उपस्थिति में देशभर से आए ओल्ड न्यूज़पेपर, सफेद वेस्टपेपर तथा कागज निर्माण में उपयोग होने वाले विभिन्न कच्चे माल और केमिकल सप्लायरों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में आपसी समन्वय को मजबूत बनाने, मिल के लिए न्यूनतम लागत पर उच्च गुणवत्ता का कच्चा माल उपलब्ध कराने तथा उत्पादन प्रक्रिया को निरंतर बनाए रखने पर विशेष ज़ोर दिया गया। उत्पादन परीक्षण सफल होने के बाद मिल को नियमित रूप से संचालित रखने के लिए आवश्यक आपूर्ति व्यवस्था को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जा रहा है। बैठक के दौरान निदेशक वित्त पी के नाइक, उप महाप्रबंधक वाणिज्य एवं कार्य सुरेन्द्र मेहता तथा क्रय विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नेपा लि. में वेंडर मीट, विद्यार्थियों ने भी जाना कागज उद्योग का विज्ञान



नेपा मिल में देशभर आए वेंडरों से चर्चा करते सीएमडी नरेश सिंह। ● नईदुनिया

नईदुनिया न्यूज, नेपानगरः नेपा मिल में कागज उत्पादन प्रक्रिया के सफल परीक्षण के बाद मिल को सतत रूप से संचालित करने की दिशा में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में कच्चे माल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को प्रशासनिक भवन में वेंडर मीट आयोजित की गई। दूसरी ओर विद्यार्थियों के शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से मिल की उत्पादन प्रक्रिया, तकनीकी व्यवस्था और औद्योगिक महत्व से भी परिचित कराया गया। वेंडर मीट में सीएमडी नरेश सिंह की उपस्थिति में देशभर से आए ओल्ड न्यूज पेपर, सफेद वेस्ट पेपर तथा कागज निर्माण में उपयोग होने वाले विभिन्न कच्चे माल और केमिकल सप्लायरों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में आपसी समन्वय को मजबूत बनाने, मिल के लिए न्यूनतम लागत पर उच्च गुणवत्ता का कच्चा माल उपलब्ध कराने तथा उत्पादन प्रक्रिया को निरंतर बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के दौरान निदेशक वित्त पीके नाइक, उप महाप्रबंधक वाणिज्य सुरेन्द्र मेहता तथा क्रय विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल केंद्र इच्छापुर के छात्र-छात्राओं ने एशिया की सबसे पुरानी शासकीय कागज मिल का शैक्षणिक भ्रमण किया। औद्योगिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने उत्पादन प्रक्रिया, तकनीकी प्रणाली और मिल के ऐतिहासिक महत्व को नजदीक से समझते हुए कागज उद्योग से जुड़े रोजगार के अवसरों की जानकारी प्राप्त की। मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए पल्प एवं पेपर टेक्नोलाजी से संबंधित सर्टिफिकेट, डिप्लोमा एवं डिग्री पाठ्यक्रमों के साथ नेपा लिमिटेड में संचालित अप्रेंटिसशिप एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी। परामर्शदाता किशन पटेल ने सुरक्षित उत्पादन के सिद्धांतों की जानकारी देते हुए कहा कि नेपा लिमिटेड में शून्य दुर्घटना लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्य किया जाता है। इस दौरान जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे भी मौजूद थे।